बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)– 03 / 2022 ....1320.... **पटना, दिनांक** 12/03/2024

आदेश

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक–537–II दिनांक–30.09.2023 द्वारा श्री संदीप कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (SKN00613) के विरूद्ध प्रथम पदस्थापन के बाद योगदान नहीं किए जाने की सूचना भेजी गयी है।

प्राप्त सूचना के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 305 दिनांक 18.01.2024 द्वारा श्री कुमार से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा 01 माह की लम्बी अवधि के बाद भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो कि वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए पदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं करने के विरूद्ध अपना पक्ष रखने का अवसर इन्हें दिया गया है, परन्तु स्पष्टीकरण नहीं दिये जाने से स्पष्ट है कि ये अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना चाहते है एवं कार्य करने के लिये इच्छुक नहीं है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसके लिए योजना की अवधि निर्धारित है। अतः उपरोक्त के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम– 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण श्री संदीप कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (SKN00613) का संविदा नियोजन रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 12/3/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)– 03 / 2022...1320..... **पटना, दिनांक** 12/03/2024

प्रतिलिपि :– श्री संदीप कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (SKN00613), बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)– 03 / 2022...1320..... **पटना, दिनांक** 12/03/2024

प्रतिलिपि:– समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)– 03 / 2022...1320..... **पटना, दिनांक** 12/03/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

निदेशक 12/3/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\JYOTI-2024\Bablu Sir\Order\Director\03-2022-29-02-2024 (Sandeep Kumar).doc